कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

प्रेस नोट

दिनांक-18.04.2024

विषयः- थाना मण्डुवाडीह पुलिस टीम द्वारा कुल 01 किलो 153 ग्राम अवैध गांजा के साथ अभियुक्त वेद प्रकाश पटेल गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी के अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन मे, श्रीमान् अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन के पर्यवेक्षण में एवं श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त रोहनिया के नेतृत्व में थाना मण्डुवाडीह पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग के दौरान 01 नफ़र अभियुक्त वेद प्रकाश पटेल पुत्र लल्लन पटेल निवासी जलालीपट्टी थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी को दिनांक 17-04-2024 को समय करीब 18.05 बजे ककरमत्ता रेलवे पगडन्डी रेलवे क्रासिंग के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से कुल 01 किलो 153 ग्राम नाजायज गांजा व गांजा बिक्री का 320/- रु0 नगद बरामद हुआ। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना मण्डुवाडीह पुलिस द्वारा मु0अ0सं0-75/24 धारा 08/20 एन0डी0पी0एस0 एक्ट पंजीकृत कर अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

विवरण पूछताछ-

अभियुक्त वेद प्रकाश पटेल ने पूछताछ करने पर बताया कि मै अपनी जीविका चलाने के लिए गांजा बेंचता हूँ। मेरे पास जो झोला है, इसमें कुछ खुला गांजा है तथा कुछ गांजा पुड़िया में है जिसे मै चोरी-छिपे बी0एल0डब्ल्यू0 अन्डर पास के पास आंड में खड़ा हो कर बेच रहा था कि अचानक आप लोगो को देखकर मै भागने का प्रयास किया लेकिन आप लोगों ने मुझे पकड़ लिया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

वेद प्रकाश पटेल पुत्र लल्लन पटेल निवासी जलालीपट्टी थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी, उम्र करीब 36 वर्ष।

आपराधिक इतिहास-

1.मु0अ0सं0 152/23 धारा 394/411 भा0द0वि0 थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी।
2.मु0अ0सं0 075/24 धारा 08/20 एन.डी.पी.एस.एक्ट थाना मण्डुवाडीह कमि0 वाराणसी।

बरामदगी का विवरण-

कुल 01 किलो 153 ग्राम नाजायज गांजा व गांजा बिक्री के 320/- रुपये नगद बरामद।

गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरणः-

1.उ0नि0 सुरेन्द्र कुमार शुक्ला थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।

2.हे0का0 संजय कुमार भारती थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।

3.का0 अजय कुमार थाना मण्डुवाडीह कमिश्नरेट वाराणसी।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त
वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी